Cover - 4

सभी आश्रमों में प्रभुजी की संख्या निम्नानुसार है :- दिनांक 31 जुलाई 2022					
क्र.सं.	आश्रम का नाम	मोबाइल	कुल प्रभुजी संख्या	पुरुष	महिला
1.	अपना घर आश्रम, भरतपुर (राज.)	8764396811	3915	1644	2271
2.	अपना घर आश्रम, अजमेर (राज.)	8764396814	137	91	46
3.	अपना घर आश्रम, कोटा (राज.)	8764396812	220	51	169
4.	अपना घर आश्रम, अलवर (राज.)	8764396820	86	86	0
5.	अपना घर आश्रम, पूसाखुर्द, दिल्ली	9582057841	630	630	0
6.	अपना घर आश्रम, बीकानेर (राज.)	8764396813	107	107	0
7.	अपना घर आश्रम, कोकिलावन (उ.प्र.)	9536991797	125	125	0
8.	अपना घर आश्रम, जोधपुर (राज.)	8764396815	203	199	4
9.	अपना घर आश्रम वृद्धाश्रम, बीकानेर (राज.)	8094019298	211	211	0
10.	अपना घर आश्रम, बुलपुर, दिल्ली	9667411201	240	0	240
11.	अपना घर आश्रम, श्रीगंगानगर (राज.)	8764396816	94	94	0
12.	अपना घर आश्रम गुरुकुल विद्यालय [illegible]	7665430215	89	55	34
13.	अपना घर आश्रम, शामली (उ.प्र.)	9557768160	132	104	28
14.	अपना घर आश्रम, पाली (राज.)	8764396817	41	41	0
15.	अपना घर आश्रम नौखा, बीकानेर (राज.)	8764396818	314	314	0
16.	अपना घर आश्रम, हिण्डौन (राज.)	9460230010	74	74	0
17.	अपना घर आश्रम, बस्सी (राज.)	7412061034	121	121	0
18.	अपना घर आश्रम, हाथरस (उ.प्र.)	8171605045	67	67	0
19.	अपना घर आश्रम, शिवपुरी (म.प्र.)	9826822926	65	65	0
20.	अपना घर आश्रम, गोवर्धन (उ.प्र.)	7310764595	84	84	0
21.	अपना घर आश्रम, फिरोजाबाद (उ.प्र.)	9756719999	57	57	0
22.	अपना घर आश्रम, दबरा (म.प्र.)	9826211104	74	61	13
23.	अपना घर आश्रम, पुरुलिया (प. बंगाल)	7872245835	140	59	81
24.	अपना घर आश्रम, शुक्रताल (उ.प्र.)	9785111320	124	124	0
25.	अपना घर आश्रम, वाराणसी (उ.प्र.)	7521060002	241	159	82
26.	अपना घर आश्रम, मेरठ (उ.प्र.)	9068635958	34	34	0
27.	अपना घर आश्रम, भिवानी (हरियाणा)	8764396819	108	52	56
28.	अपना घर आश्रम, नेपाल	9779851072046	85	85	0
29.	अपना घर आश्रम, उमता (गुजरात)	9327986686	43	43	0
30.	अपना घर आश्रम, भोपाल (म.प्र.)	7489125480	46	46	0
31.	अपना घर आश्रम, कोलकाता (प. बंगाल)	9331294311	27	27	0
32.	अपना घर आश्रम, जयपुर (राज.)	7412061036	39	0	39
33.	अपना घर आश्रम, अलवर महिला शाखा	7737649912	84	0	84
34.	अपना घर वृद्धाश्रम, जामडोली	9414040388	111	0	111
35.	अपना घर आश्रम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)	9009022001	34	34	0
36.	अपना घर आश्रम, अयोध्यानगर बराल (बागपत)	7817005158	33	33	0
37.	अपना घर आश्रम, बड़ौदा	7412061035	29	29	0
38.	अपना घर आश्रम, कुचामन सिटी	9314440570	48	48	0
39.	अपना घर आश्रम, उदयपुर	7412061028	15	15	0
40.	अपना घर आश्रम, गांधीधाम (गुजरात)	7300491051	25	25	0
41.	अपना घर आश्रम, सिरसौद	6060240600	26	26	0
42.	अपना घर आश्रम, पुष्कर	8209666066	40	40	0
43.	अपना घर आश्रम, खाटी	8949838684	85	85	0
44.	अपना घर आश्रम, बुन्दाखेड़	8949004282	73	0	73
45.	अपना घर आश्रम, लखनऊ	7976766620	35	35	0
46.	अपना घर आश्रम, कटक ओड़िशा	8118058614	41	41	0
47.	अपना घर आश्रम, शिवमखुवा हापुड़	9837093454	106	106	0
48.	अपना घर आश्रम, पूणे (महिला आश्रम)	7498550554	79	0	79
49.	अपना घर महिला आश्रम, शिवपुरी	9329090715	20	0	20
50.	अपना घर आश्रम, गोण्डा	7976766178	138	0	138
51.	अपना घर आश्रम, पूणे (पुरुष आश्रम)	9168793105	73	73	0
	कुल प्रभुजी की संख्या		9120	5500	3620

इनमें मनोरोगी, मन्दबुद्धि, नेत्रहीन, अंगविहीन, जख्मी, अस्थि भंग, लकवा-पोलियो, मिर्गी, टी.बी., कुष्ठ, कैंसर, एड्स एवं उदर आदि रोगों से ग्रसित प्रभुजी सेवाएँ ले रहे हैं। जिसमें 90 से अधिक बाल गोपाल शामिल हैं।

बेसहारा बीमार असहाय प्रभुजनों की सेवा ही हमारी पूजा एवं आराधना है।

Cover - 1

जप-तप, योग-साधना एवं यज्ञ के समान.... !!!

स्थापित : 29 जून, 2000
वार्षिक अंक- 2022

रजि. नं. 49/भरत/रजि./2000-2001
प्रकाशन दिनांक - 25 अगस्त 2022

पीड़ित मानव सेवा का पावन तीर्थ

माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर संस्था

बझेरा, भरतपुर- 321001, राजस्थान (भारत)

-: करुणामयी विनती :-

अगर कहीं कोई प्रभु स्वरूप असहाय, लावारिस, बीमार स्थिति में पड़े तड़प रहे हैं, पता बता नहीं पा रहे हैं कृपया उनकी मदद करें उन्हें "अपना घर" पहुँचाने में सहयोग करें

सम्पर्क : 8764396811, 9660149394, 8599999911 / 22

E-mail : mmbvss@gmail.com | Fb : Apna Ghar Bharatpur | Website : apnagharashram.org & apnagharashrams.org

बेसहारा बीमार असहाय प्रभुजनों की सेवा ही हमारी पूजा एवं आराधना है।

आश्रम में भर्ती से पूर्व बदहाल
प्रभुजी राजकुमार

स्वस्थ होने के उपरान्त
प्रभुजी राजकुमार

सड़क पर बेसुध अवस्था में
प्रभुजी श्रीमती उर्मिला

स्वस्थ होने के उपरान्त
प्रभुजी श्रीमती उर्मिला

माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन 'अपना घर'

''किसी भी आश्रयहीन असहाय, लावारिस, बीमार को सेवा एवं संसाधनों के अभाव में वेदनादायक पीड़ा एवं असामयिक मृत्यु का शिकार होने से बचा सकें, इसी परिकल्पना को साकार करने हेतु प्रयासरत- माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन 'अपना घर'

संक्षिप्त परिचय 'अपना घर' आश्रम :-

पीड़ित प्राणी मात्र की सेवा ही हमारी पूजा एवं आराधना है साथ ही जीवन के साथ हर प्राणी अपना भाग्य लेकर आता है। इस विचारधारा का शुभारम्भ दिनांक 29 जून 2000 को राजस्थान के जिला भरतपुर से 8 किमी. की दूरी पर स्थित गाँव ब्रझेरा में अपना घर आश्रम की स्थापना के साथ हुआ।

'अपना घर आश्रम' एक ऐसा सेवा सदन है जहाँ सेवा को पूजा एवं मानव सेवा को माधव सेवा माना जाता है। सेवा को उपकार नहीं दायित्व समझा जाता है। अपना घर परिवार ऐसे आश्रयहीन असहाय प्रभुस्वरुप पीड़ितों को अपनाता है जो जीवन के अन्तिम पड़ाव में प्लेटफार्म, सार्वजनिक, धार्मिक स्थल एवं सड़कों पर पड़े वेदनाओं के अन्तिम कष्टों को झेल रहे होते हैं। सेवा एवं संसाधनों के अभाव में इन बेजुबान एवं लाचारों को असीम गंदगी के साथ नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इन दीन-जनों के पास पीड़ा के समय में भूख के लिये भोजन, दर्द के लिये दवा, तन के लिये कपड़ा तो दूर की बात है, ''जीवन के अन्तिम समय में पानी तक नसीब नहीं होता है।''

अपना घर आश्रमों में प्रभु सेवा में जुटे साथी

घाव एवं बीमारी इलाज के अभाव में बढ़कर गम्भीर रुप ले लेती है। इनके घावों में अक्सर कीड़े पड़ जाते हैं और कई बार तो मृत्यु भी इतनी कष्टदायक होती है जिसे आम आदमी तो देख भी नहीं सकता। ऐसे अनजान असहाय पीड़ितों को 'अपना घर' परिवार द्वारा अपनाया जाता है तथा उन्हें जीवन यापन की सभी मूलभूत आवश्यकताओं से परिपूर्ण 'अपना घर' उपलब्ध कराया जाता है जहाँ उन्हें निःशुल्क आश्रय, चिकित्सा, भोजन, कपड़ा, शिक्षा, सुरक्षा के साथ अपनापन, स्नेह एवं ममतामयी सेवाऐं उपलब्ध कराई जाती हैं। वर्तमान में संस्था द्वारा देश भर में कुल 50 आश्रम तथा 1 आश्रम नेपाल में संचालित है। अपना घर आश्रम भरतपुर सेवा एवं विशिष्टता की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा सेवा का केन्द्र है जिसमें वर्तमान में 3944 प्रभुजन एवं 200 से अधिक अन्य जीव सेवायें ले रहे हैं।

'अपना घर आश्रमों में प्रतिमाह औसतन 581 प्रभु स्वरुप पीड़ित भर्ती होते हैं तथा लगभग 234 प्रतिमाह स्वस्थ्य होने के उपरान्त पुनर्वासित कर दिये जाते हैं अथवा घर चले जाते हैं। अपना पता न बता पाने वाले हमेशा-हमेशा के लिए 'अपना घर' के सदस्य बन जाते हैं। रोग की गम्भीरता एवं वृद्धावस्था आदि के कारण प्रतिमाह लगभग 87 प्रभु स्वरूप पीड़ित ब्रह्मलीन हो जाते हैं। मनोरोगी, मन्दबुद्धि एवं शारीरिक लाचारी के कारण लगभग 40 प्रतिशत प्रभुजन सम्पूर्ण दिनचर्या के लिए सेवादारों पर आश्रित होते हैं जिन्हें 'अपना घर' के सेवा साथी व सदस्य पूरे मनोयोग से सेवाऐं प्रदान करते हैं।

जरुरतों की पूर्ति के लिए लिखी जाती है- ठाकुर जी को चिट्ठी :-

9000 से अधिक प्रभुस्वरूप आवासी, 51 आश्रम, प्रतिदिन का व्यय रूपये 14 लाख रुपये से अधिक - इस सबकी व्यवस्था ठाकुर जी के द्वारा की जाती है। सभी आश्रमों में जो भी दैनिक आवश्यकताऐं- सुई, एम्बुलेंस, भूमि-भवन, वेतन, भोजन से लेकर अन्तिम संस्कार की सामग्री तक की जरुरतों की चिट्ठी प्रतिदिन आश्रमों के कार्यालय में निर्धारित पट्टिका पर ठाकुर जी को लिख जाती है। इसे पूरा करने के लिए ठाकुर जी विभिन्न मानव स्वरूपों में आते हैं। यह सिलसिला निर्बाध रूप से संस्था की स्थापना से लेकर आज तक जारी है।

ठाकुर जी को अपना घर की आवश्यकताओं की चिट्ठी

क्र.सं.	वस्तु का नाम	संख्या
1.	घी	75 किलो
2.	रिफाइन्ड	15 किलो
3.	दाल (मूंग, मसूर, चना, अरहर, मटरदाल)	700 किलो
4.	चीनी	350 किलो
5.	चोकर	100 किलो
6.	नमकीन	50 किलो
7.	मिनरल	200 लीटर
8.	ताजले	300 जोड़ी

पीड़ित पशु-पक्षियों की सेवार्थ-अपना घर निर्मल कृष्ण जीव सेवा सदन:-

अपना घर द्वारा पीड़ित, बीमार, दुर्घटनाग्रस्त गौमाता, पशु, पक्षी एवं वन्य जीवों हेतु संस्था के वंशी प्रकल्प अपना घर भरतपुर के अन्तर्गत यह सेवा प्रकल्प संचालित है।

यह जीव सेवा सदन 3000 वर्गगज भूमि में निर्मित है।



आश्रम में भर्ती से पूर्व
प्रभुजी अंती

स्वस्थ होने के उपरान्त
प्रभुजी श्री अंती



आश्रम में भर्ती से पूर्व बदहाल अवस्था में
प्रभुजी हिनपतिया

स्वस्थ होने के उपरान्त
प्रभुजी हिनपतिया



सड़क पर दयनीय हालत में
प्रभुजी अजय कुमार

स्वस्थ होने के उपरान्त
प्रभुजी श्री अजय कुमारी

इस निर्मल कृष्णा जीव सेवा सदन में 250 से अधिक बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौमाता, हिरण, नीलगाय, स्वान, बिल्ली, वानर, खरगोश, तोता, कबूतर, चिड़िया आदि को रहने की अलग-अलग आवास व्यवस्था है। वर्तमान में 200 से अधिक जीवों को उपचार एवं सेवाऐं दी जा रही हैं।

चिकित्सा सेवा :-

'अपना घर' आश्रमों में सेवा के साथ-साथ आवश्यकता के अनुरुप सभी प्रभु-स्वरुप आवासियों की चिकित्सा होती है। अपना घर में भर्ती होने वाले अधिकांशत: प्रभुजी मनोरोगी, मानसिक विमंदित, नेत्रहीन, लकवा, पोलियोग्रस्त, घायल, जख्मी, दुर्घटनाग्रस्त, अस्थि रोगी, टीबी, दमा, एच.आई.वी., हेपेटाइटिस, कैंसर, कुष्ठ जैसे गम्भीर रोगों से पीड़ित होते हैं। भर्ती के उपरान्त उनकी सम्पूर्ण जांच करवाकर तुरन्त चिकित्सकीय देखभाल व उपचार किया जाता है। जिसके अन्तर्गत आश्रम में सेवाऐं दे रहे चिकित्सकों के साथ-साथ राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में भी चिकित्सा कराई जाती है। बड़े आश्रमों में फिजियोथैरेपी सेन्टर भी स्थापित हैं। जबकि अपना घर आश्रम भरतपुर में हॉस्पीटल, पैथोलॉजी, एक्सरे, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं वैटनरी का सब सेन्टर भी स्थापित है। सभी आश्रमों में लगभग 90 प्रतिशत प्रभु-स्वरूप पीड़ित आवासी पूर्णतया दवाईयों पर आश्रित हैं।

सेवा हेतु संसाधन :-

अपना घर में जीवनयापन की सभी मूलभूत सुविधाऐं मुहैया करवाने व प्रभु सेवा को त्वरित व सम्पूर्ण बनाने के उद्देश्य से जरूरतों की पूर्ति हेतु अपना घर आश्रमों में वर्तमान में मुख्यत: निम्न संसाधन उपलब्ध हैं :-

1. सभी आश्रमों की कुल आवासीय क्षमता 8550 बैड है, जिसमें भरतपुर आश्रम की आवासीय क्षमता 3300 बैड है, जिसमें 3900 से अधिक प्रभुजन सेवाऐं ले रहे हैं।

प्रभुजनों की सेवा में तत्पर एम्बुलेंस एवं अन्य वाहन

अपना घर मातृसदन भरतपुर

नवनिर्मित 450 आवासीय पुरुष सदन भरतपुर

2. सभी आश्रमों में आवासीय भवन के अलावा कार्यालय भवन, भण्डार गृह, भोजनालय, स्वैच्छिक सेवा प्रदाता आवास, सेवासाथी आवास, वाहन गैराज, डिसपैन्सरी एवं जन सुविधाऐं उपलब्ध हैं।

3. वाहन :- एम्बुलेंस-58, एनीमल एम्बुलेंस-2, लोडिंग टैम्पू-3, कार-3, ट्रैक्टर-4, ट्राली-3, ई-रिक्शा-8, स्कूटर-मोटरसाईकिल-50, मोक्षवाहिनी-2, प्रभुस्वरूप पीड़ितों की सेवाओं के लिए उपलब्ध हैं।

4. वाटरकूलर-62, फ्रीज-50, चपाती मेकिंग मशीन-20 (क्षमता 750 से 4500 चपाती प्रति घण्टा), आटा गुंथने की मशीन-25, वैजीटेबिल कटर-15 एवं किचन स्टीम उपलब्ध है।

5. टीवी-150, कम्प्यूटर-120, प्रिन्टर-65 एवं जनरेटर-18 (10 से 30 के.वी. क्षमता के), सीसीटीवी कैमरा-500 है।

संस्था द्वारा संचालित आश्रम एवं विस्तारीकरण :-

संस्था द्वारा सेवाओं के विस्तारीकरण के तहत अन्य शहरों में भी 'अपना घर' आश्रम संचालित करने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि कोई असहाय पीड़ित सेवा से वंचित न रह सकें तथा पीड़ित को उसकी जगह पर ही सेवा उपलब्ध करवाकर पीड़ा से मुक्ति दिलाई जा सके। इसके अलावा हर प्रभु स्वरूप पीड़ित तक पहुंचने के लिए तथा असहाय पीड़ितों को निकटस्थ आश्रम में भिजवाने हेतु 'अपना घर' सेवा समितियाँ एवं हैल्पलाइन संचालित की जा रही हैं। संस्था द्वारा संचालित अपना घर आश्रमों का विवरण निम्न प्रकार है :-

1. 'अपना घर' आश्रम भरतपुर (राज.):-

'अपना घर' आश्रम भरतपुर के बझेरा एवं बंशी 2 आश्रम हैं, जिनमें 3900 से अधिक प्रभुस्वरूप

अपना घर आश्रम बझेरा

आश्रमों में प्रभु सेवा में जुटी अपना घर की मैडीकल टीम

'अपना घर' आश्रम बझेरा :-

इस आश्रम में पुरुष प्रभु स्वरूप आवासियों को आश्रय प्रदान कर सेवाएँ दी जा रही हैं। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 500 बैड है जिसके अन्तर्गत निम्न आवासीय एवं अन्य व्यवस्थाएँ संचालित हैं-

1. दादा-नाना का घर - वृद्धजनों के लिए।
2. चाचा-भईया का घर - युवा उम्र के बीमारजनों के लिए।
3. सघन सेवा गृह - गम्भीर बीमारजनों के लिए।
4. पुनर्वास गृह - एच.आई.वी. संक्रमित रोगियों के लिए।

अपना घर आश्रम में काफी संख्या में ऐसे प्रभुजन हैं, जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपूर्ण व अक्षम है जिनकी सम्पूर्ण ईश्वरीय सेवा में अपना घर परिवार हमेशा तत्पर रहता है, उनके हाथ-पैर एवं मन बनने का प्रयत्न करता है।

5. क्षय रोग सदन - टी.बी. रोगियों के लिए।
6. गौशाला - आश्रम की दुग्ध व्यवस्था हेतु।
7. सेवा संगम भवन - प्रभुजी की सैलून एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई हेतु।
8. डिस्पैन्सरी - प्रभुजी चिकित्सा व्यवस्था हेतु।
9. मोक्षधाम एवं मोर्चरी - ब्रह्मलीन प्रभुजनों के लिए।

'अपना घर आश्रम' बंशी प्रकल्प, श्री रामकुमार गुप्ता बेरीवाल करुणालय, भरतपुर :-

बंशी प्रकल्प के तहत 15 एकड़ भूमि पर निर्मित इस आश्रम में मुख्यत: महिला प्रभु आवासियों को आश्रय एवं सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं, इसके अन्तर्गत निम्न आवासीय एवं अन्य व्यवस्थाऐं संचालित हैं।

1. मातृ सदन- 1650 आवासीय क्षमता के इस भवन में वृद्ध माताओं हेतु- (अ) दादी-नानी का घर (ब) बहिनों के लिए बुआ-बहिना का घर (स) गम्भीर बीमारों के लिए सघन सेवा गृह।
2. चाचा-भईया का घर (450 आवासीय क्षमता)- युवा उम्र के बीमारजनों के लिए।
3. क्षय रोग सदन- टी.बी. रोगियों के लिए (महिला)
4. एच.आई.वी. सदन- एच.आई.वी. संक्रमितों हेतु (महिला)
5. परम सेवा गृह - दुर्घटनाग्रस्त एवं अति गम्भीर पुरूष प्रभुजनों हेतु।
6. शिशु एवं बाल गृह- शिशुओं एवं बालकों हेतु।
7. मातृ छाया - उन माताओं के लिए जो अपने शिशुओं को सम्भाल सकती हैं।
8. जीव सेवा सदन- घायल बीमार गौमाता एवं अन्य जानवरों हेतु।
9. पक्षी विहार - घायल बीमार पक्षियों के लिए।
10. डिस्पैन्सरी - प्रभुजी की चिकित्सा व्यवस्था हेतु।
11. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र - सरकार द्वारा उपलब्ध, चिकित्सा हेतु।
12. माँ अन्नपूर्णा प्रसादालय- 3000 प्रभुजनों की भोजन प्रसादी तैयार करने हेतु।
13. प्रसादालय - अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी हेतु।
14. अतिथिगृह - अतिथियों के लिए ठहरने की व्यवस्था।
15. हॉस्पीटल - प्रभु आवासियों के ऑपरेशन एवं गम्भीर की चिकित्सा हेतु।
16. पक्षी दाना सेवा - पक्षियों के दाना पानी हेतु।
17. राजकीय पशु उप स्वा. केन्द्र - जीव सेवा सदन में घायल बीमार पशु-पक्षियों की चिकित्सा हेतु।
18. ई-क्लीनिक- टैली साइकैट्री के माध्यम से देश-विदेश के वरिष्ठ मनोचिकित्सकों द्वारा ऑनलाईन उपचार

सेवाओं के विस्तारीकरण हेतु :-

जहाँ कहीं भी, किसी भी शहर में भवन मिल जाता है, वहाँ अपना घर आश्रम की सेवाऐं प्रभु स्वरुप पीड़ितों के लिए प्रारम्भ कर दी जाती हैं।

अगर आपके शहर में आश्रम प्रारम्भ करने के लिए भवन उपलब्ध हो तो आप संस्था संरक्षक श्री वीरपाल सिंह से मो. 9414714470 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अपना घर आश्रमों में प्रभु सेवा में जुटे साथी एवं अन्य गतिविधियाँ

न्यूनतम संसाधनों में श्रेष्ठतम सेवा का सफर जारी.....

अगर दुनिया में कोई सर्वे हो कि न्यूनतम संसाधनों में श्रेष्ठतम सेवा किस संस्था में होती है तो उसमें एक नाम अपना घर का अवश्य होगा। इस कथन की पुष्टि इस तथ्य से हो जाएगी कि इस वर्ष की ऑडिट के अनुसार प्रति प्रभुजन पर प्रतिमाह औसतन व्यय राशि रु. 3000 है जिसमें भरतपुर आश्रम में प्रति प्रभुजी औसतन व्यय रु. 2500 है, इसमें भोजन, वस्त्र, आवास के साथ 3200 प्रभुजी में से 3000 दवाईयाँ खाने वाले हैं, ऑपरेशन एवं हॉस्पीटल खर्च, जीव सेवा सदन का व्यय, 23 एम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों पर व्यय एवं 200 स्टाफ साथियों का मानदेय शामिल है।

संस्था द्वारा संचालित अपना घर सेवा समिति एवं हैल्पलाइन के प्रकल्प :-

(अ) अपना घर सेवा समिति :-

संस्था द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 21 सदस्यों से अधिक सेवाभावी सेवा हेतु उपलब्ध होने पर वहाँ अपना घर सेवा समिति का गठन किया जाता है। समिति अपने कोष से असहाय पीड़ितों की सेवा एवं क्षेत्रीय स्तर पर अन्य प्रकल्प संचालित करती है। समिति द्वारा संचालित मुख्य प्रकल्प निम्न प्रकार हैं :-

1. अपने क्षेत्र में मिलने वाले प्रभुजी को निकटतम अपना घर भिजवाना।
2. गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं पोशाक वितरण।
3. अन्तर्राष्ट्रीय दिवस, प्रमुख पर्व आश्रम में प्रभुजी के साथ मनाना।
4. अन्य प्रकल्प क्षेत्र विशेष के आधार पर।
5. लावारिस ब्रह्मलीन शरीरों का अन्तिम संस्कार।
6. जल मन्दिर संचालन।
7. रक्तदान शिविर।
8. गरीब बालिकाओं की शादी।
9. पौधारोपण।
10. अन्नदान।
11. प्राकृतिक आपदा में सहयोग।

(ब) 'अपना घर' भरतपुर हैल्प लाइन :-

बी-नारायण गेट चौराहा, भरतपुर पर 1200 वर्गगज पर निर्मित 'अपना घर' भरतपुर हैल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। हैल्पलाइन के माध्यम से ऐसे प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं जिनकी शहर में अति निर्धन, संसाधन विहीन एवं आम नागरिकों के लिए महती आवश्यकता है। वर्तमान में अपना घर भरतपुर हैल्पलाइन द्वारा शहर के अतिनिर्धन वर्ग के लिए निम्न प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं :-

अपना घर हैल्पलाइन

1. अतिनिर्धन बालिकाओं के लिए सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण। 2. समाज से समाज की सेवा। 3. मोक्ष वाहिनी सेवा। 4. ए.सी. ताबूत सेवा तथा इस भवन में अपना घर सेवा समितियों का राष्ट्रीय कार्यालय तथा राष्ट्रीय स्तर पर लेखा शाखा का ऑफिस भी संचालित किया जा रहा है एवं मासिक पत्रिका- सेवा पथ का वितरण भी यहीं से किया जा रहा है।

2. अपना घर आश्रम, अजमेर (राज.) :-

अपना घर आश्रम, अजमेर

'अपना घर' आश्रम अजमेर का शुभारम्भ दिनांक 3 जुलाई 2011 को राज्य सरकार द्वारा नारी निकेतन भवन, लोहागल, अजमेर में आवंटित भवन (क्षमता 50 बैड) में किया गया। माह जनवरी, 2012 में राज्य सरकार द्वारा 50 आवासीय क्षमता का विमन्दित गृह संस्था को अजमेर में ही संचालन हेतु अलग से भवन उपलब्ध कराया गया। यह मानसिक विमन्दित गृह राज्य सरकार के सहयोग से संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है तथा अपना घर अजमेर भी संचालित है वर्तमान में आश्रम में 123 महिला एवं पुरूषजनों को सेवायें दी जा रही हैं।

3. अपना घर आश्रम, कोटा (राज.) :-

अपना घर आश्रम, कोटा

कोटा सम्भाग में 50 मानसिक विमन्दितों हेतु आश्रम संचालित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नारी निकेतन भवन नान्ता, कोटा में उपलब्ध कराया गया था, जिसका शुभारम्भ संस्था द्वारा 22 जनवरी 2012 को किया गया। राज्य सरकार द्वारा अब ऐरोड्रम चौराहे के पास, पॉलीटैक्निक कॉलेज के पुराने छात्रावास, जिसकी क्षमता 400 बैड की है, का आवंटन आश्रम संचालन हेतु किया गया है। राज्य सरकार द्वारा अभी 100 बैड का अनुदान प्राप्त है। जिसके एक भाग का जीर्णोद्धार कर 200 बैड की क्षमता का सदन विकसित किया गया है। जिसमें वर्तमान में 177 महिला प्रभुजी को सेवाऐं देने के साथ 91 पुरुष प्रभुजी की सेवायें भी शुरु कर दी गई हैं। यह आश्रम राज्य सरकार के आंशिक सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अपना घर आश्रम कोटा के महिला वार्ड के प्रथम तल का जीर्णोद्धार पुरा हो चुका है और पुरूष वार्ड में प्रथम तल के जीर्णोद्धार का कार्य निर्माणाधीन है।

4. अपना घर आश्रम अलवर, संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा ट्रस्ट भवन (राज.) :-

अपना घर आश्रम, अलवर का शुभारम्भ 24 जून 2012 को किया गया। वर्तमान में इस आश्रम में 80 आवासियों के रहने की व्यवस्था है। इस आश्रम हेतु भवन श्री संतोष अरोड़ा एवं श्रीमती जानकी देवी अरोड़ा, अलवर द्वारा उपलब्ध कराया गया। यह आश्रम पूर्णत: जनसहयोग से संचालित है। वर्तमान में इस आश्रम में 77 प्रभुस्वरूप पीड़ितों को सेवाऐं प्रदान की जा रही है, आश्रम में प्रथम मंजिल भवन का निर्माण जनसहयोग से किया जा रहा है, आश्रम में प्रभुजी के रहने की व्यवस्था में विस्तार हेतु आश्रम भवन की द्वितिय मंजिल पर 25 प्रभुजी हेतु भवन का निर्माण प्रस्तावित है।

अपना घर आश्रम, अलवर

5. अपना घर आश्रम, पूठखुर्द दिल्ली :-

अपना घर आश्रम, पूठखुर्द दिल्ली

'अपना घर आश्रम' पूठखुर्द की स्थापना 28 अक्टूबर 2012 को पूठखुर्द, बवाना रोड, दिल्ली में श्री रामपाल बागडी, श्री राजेश खत्री, श्री सुरेश कारनानी, श्री नरेश मित्तल, श्री विनय गुप्ता, श्री जगदीश बागड़ी, श्री महिपाल शर्मा एवं श्री मेघराज लोहिया द्वारा की गयी। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 70 बैड की थी। प्रभु आवासियों की संख्या तीव्र गति से बढ़ने के कारण चार मंजिल के भवन का निर्माण कर 400 बैड की आवास व्यवस्था की गयी। वर्तमान में इस आश्रम 590 से अधिक प्रभुजन सेवाऐं ले रहे है तथा इस भवन की आवसीय क्षमता 650 बैड की है।

6. अपना घर आश्रम, बीकानेर (राज.) :-

अपना घर आश्रम, बीकानेर

'अपना घर आश्रम' रानी बाजार, बीकानेर का शुभारम्भ दिनांक 26 मई 2013 को किया गया। इस अपना घर आश्रम में 130 प्रभुस्वरूप आवासियों को भर्ती कर सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं। यहाँ पर मुख्य रूप से पुरूष प्रभु आवासियों को रखा जाता है। श्री हनुमान झँवर, श्री जुगल राठी, श्री सुखदेव चायल, श्री ब्रजरतन तापडिया एवं श्री अशोक मूँधड़ा द्वारा इस आश्रम की स्थापना की

गई। इस आश्रम में कैंसर सर्जरी से सम्बन्धित पीड़ितों एवं वृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था है। इस आश्रम की भी सम्पूर्ण व्यवस्थायें जन सहयोग से संचालित हैं।

7. अपना घर आश्रम कोकिलावन, मथुरा, बाबा श्री रामेश्वरदास भवन (उ.प्र.) :-

अपना घर आश्रम, कोकिलावन

अपना घर आश्रम, कोकिलावन (मथुरा) की स्थापना दिनांक 08 सितम्बर 2013 को महामण्डलेश्वर श्री श्री 108 श्री महन्त प्रेमदास जी महाराज ने शनिधाम मन्दिर के पास भवन उपलब्ध कराकर की है। विस्तार के क्रम में आश्रम द्वारा 60 आवासीय क्षमता के भवन का निर्माण कराकर संचालन प्रारम्भ किया जा रहा है। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 110 है, वर्तमान में 125 पुरूष प्रभुस्वरूप आवासी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

8. अपना घर आश्रम जोधपुर, 'आस्था' भवन (राज.) :-

अपना घर आश्रम, जोधपुर

इस आश्रम का शुभारम्भ 2 मार्च 2014 को आस्था परिवार द्वारा उपलब्ध कराये गये भवन में किया गया है। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 75 बैड थी। इस आश्रम में बढ़ती पीड़ितों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए आश्रम विस्तार के क्रम में जोधपुर आश्रम की टीम द्वारा प्रथम तल पर निर्माण कराया गया है। अब इस आश्रम की आवासीय क्षमता 175 बैड की हो गई है। वर्तमान में इस आश्रम में 184 पुरूष प्रभुस्वरूप असहाय, बीमारजनों को प्रवेश देकर सेवायें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस आश्रम में केवल पुरूष प्रभुजन को रखा जाता है तथा यहाँ की टीम द्वारा जोधपुर में नया आश्रम निर्माण कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

9. अपना घर वृद्धाश्रम, बीकानेर (राज.) :-

रामप्रताप हनुमानदास मून्धडा चैरीटेबिल ट्रस्ट देशनोक

इस अपना घर वृद्धाश्रम का शुभारम्भ 30 जून 2014 को वृन्दावन एनक्लेव स्थित राजकीय भवन में रामप्रताप हनुमानदास मून्धडा चैरीटेबिल ट्रस्ट तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस भवन की आवासीय क्षमता 250 बैड की है। वृद्धाश्रम का संचालन राजकीय सहयोग से मून्धडा चैरीटेबिल ट्रस्ट द्वारा 'अपना घर' के मार्गदर्शन एवं नियमानुसार किया जा रहा है। इस वृद्धाश्रम में 200 आवासीय क्षमता के भवन का निर्माण मून्धडा चैरीटेबिल ट्रस्ट द्वारा कराया गया है। इस आश्रम में वर्तमान में 210 प्रभुस्वरूप वृद्धजनों को सेवायें प्रदान की जा रही हैं तथा ट्रस्ट द्वारा निरन्तर विस्तार कराया जा रहा है।

अपना घर वृद्धाश्रम, बीकानेर

10. अपना घर आश्रम बुढ़पुर, दिल्ली :-

अपना घर आश्रम, बुढ़पुर दिल्ली

इस 'अपना घर' का शुभारम्भ 16 नवम्बर 2014 को हुआ। यह आश्रम दिल्ली में संस्था का दूसरा आश्रम है, इस भवन को श्री नरेश जैन एवं उनकी सहधर्मिणी श्रीमती मीता जैन, लासोलिटेयर ज्वैलर्स, करोल बाग, दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 250 बैड की है। इस आश्रम में 250 महिला प्रभुस्वरूप असहाय, लावारिस, बीमारजनों को प्रवेश देकर सेवाऐं नि:शुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं तथा विस्तार हेतु भूमि क्रय कर ली गई है जिसका 200 आवासीय क्षमता भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने वाला है।

11. अपना घर आश्रम श्रीगंगानगर (राज.) :-

अपना घर आश्रम, श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर में दिनांक 14 दिसम्बर 2014 को 11 प्रभुजनों के प्रवेश के साथ अपना घर आश्रम गोल्डन सिटी, श्रीगंगानगर प्रारम्भ किया गया था। तत्पश्चात 50 प्रभुजनों की क्षमता के साथ ग्राम ख्यालीवाला में स्थानान्तरित कर दिया गया था, जो वर्तमान (मार्च 2022) में 100 प्रभुजनों की आवासीय क्षमता से स्वयं के भवन ग्राम-

पठानवाला में संचालित हो रहा है। श्रीगंगानगर आश्रम में इस अवधि के दौरान लगभग 500 प्रभुजनों को आश्रम में प्रवेश दिया गया। जिनमें से 240 से अधिक प्रभुजनों को अपने परिवारों में पुनर्वासित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में संस्था के पास गांव पठानवाला में 2.5 बीघा जमीन है जिस पर इस आश्रम को 500 प्रभुजनों की क्षमता तक विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य ठाकुर जी की कृपा से चल रहा है। इस आश्रम में 84 प्रभुस्वरूप पीड़ितो को सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं।

12. अपना घर मूक-बधिर-दृष्टिहीन विद्यालय कोटड़ा, अजमेर (राज.) :-

100 आवासीय क्षमता के इस आवासीय विद्यालय हेतु भवन संस्था को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इस आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 15 दिसम्बर 2014 को किया गया। वर्तमान में इस विद्यालय में 100 मूक-बधिर व दृष्टिहीन बच्चे आवासरत के साथ अध्ययन कर रहे हैं। विद्यालय में मूक बधिर व दृष्टिहीन छात्रों को साइन लैंग्वेज तथा ब्रेल लिपि के माध्यम से पढ़ना लिखना सिखाया जाता हैं

13. अपना घर आश्रम शामली (उ.प्र.) :-

इस अपना घर आश्रम हेतु श्री राजेश्वर जी बंसल द्वारा अपने सहयोगियों के साथ 50 आवासीय क्षमता का निर्माण कराया गया। जिसके लिए भूमि प्राकृतिक चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई गयी है इस आश्रम का शुभारम्भ 29 जनवरी 2015 का हुआ। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 120 बैड एवं महिला सदन की 24 बैड है। आश्रम में 106 पुरुष प्रभुजी एवं 27 महिला प्रभुजी आवासरत है।

14. अपना घर आश्रम पाली (राज.) :-

इस आश्रम का भवन नगर परिषद् पाली द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इस आश्रम में 50 आवासीय बैड की क्षमता है। इस आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 1 अप्रैल 2015 को किया गया। इस आश्रम के शुभारम्भ में श्री घीसूलाल जी पारख, श्री छोगालाल जी बोहरा, श्री महेन्द्र जी बोहरा, श्री कमल जी गोयल, श्री राजेन्द्र जी मेहता, श्री अमरसिंह जी बोहरा का महत्त्वपूर्ण सहयोग रहा है। पाली नगर परिषद् के द्वारा इस भवन के प्रथम तल पर निर्माण कार्य कराया गया। वर्तमान में इस आश्रम की आवासीय क्षमता 80 बैड की है, जिसमें 54 पुरूष प्रभुजी की सेवायें की जा रही है

15. अपना घर आश्रम नोखा (राज.) :-

अपना घर आश्रम, नोखा का शुभारम्भ दिनांक 2 सितम्बर 2015 को किया गया। इस आश्रम के संस्थापक श्री ओमप्रकाश मून्धडा, श्री बृजरतन तापड़िया, श्री हनुमान झंवर, श्री भागीरथ झंवर, श्री सतीश झंवर, महेश झंवर एवं श्री रामपाल बागडी है। इस आश्रम के विस्तारीकरण के तहत आश्रम द्वारा 4 बीघा भूमि की खरीद की गई है, जिसमें 600 आवासीय क्षमता का आश्रम निर्माण पूर्ण कर प्रभु सेवा में समर्पित कर दिया गया है। वर्तमान में इस आश्रम में 300 से अधिक प्रभुस्वरूप पीड़ितों की सेवायें की जा रही है। आश्रम पूर्णत: जनसहयोग से संचालित किया जा रहा है।

16. अपना घर आश्रम हिण्डौन सिटी (राज.) :-

अपना घर आश्रम हिण्डौन सिटी का शुभारम्भ दिनांक 31 जुलाई 2016 को बयाना मोड़ स्थित रामपुरा हॉस्पीटल भवन में किया गया। उसके बाद क्यारदा कलां महवा रोड पर नया भवन बनाया गया, जिसका शुभारम्भ 22 अप्रैल 2020 को हुआ। जिसमें 125 प्रभुजी की क्षमता है एवं

वर्तमान में 73 प्रभुस्वरूप पीड़ितों की सेवायें की जा रही है। आश्रम विस्तार के क्रम में प्रथम मंजिला भवन का कार्य निर्माणाधीन है।

17. अपना घर आश्रम बस्सी, जयपुर भावा चैरिटेबिल ट्रस्ट भवन (राज.) :-

अपना घर आश्रम, बस्सी (जयपुर)

अपना घर आश्रम संचालन हेतु 25 आवासीय क्षमता का भवन श्री महेश पारीक जी एवं उनके परिवार द्वारा संचालित भावा चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराया गया है। प्रथम तल पर निर्माण के साथ इस आश्रम की आवासीय क्षमता 70 बैड की हो गयी है। इस आश्रम का शुभारम्भ 18 सितम्बर 2016 को किया गया। वर्तमान में इस आश्रम में 118 प्रभुस्वरूप पीड़ितों को सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं। विस्तारीकरण के क्रम में श्री महेश पारीक परिवार द्वारा महिला सदन हेतु भूमि अलग से उपलब्ध कराई गई है जिस पर 300 आवासीय क्षमता के आश्रम का निर्माण जारी है। जिसमें 50 बैड की आवासीय क्षमता के आश्रम का निर्माण कर सेवाऐं प्रारम्भ कर दी गयी है।

18. अपना घर आश्रम हाथरस (उ.प्र.):-

अपना घर आश्रम, हाथरस

संस्था द्वारा संचालित इस आश्रम का संचालन दिनांक 25 जून 2017 को श्री मदनमोहन वार्ष्णेय एवं उनके परिजनों द्वारा समर्पित श्रीमद् ब्रह्मासांई स्वर्णिम सेवा संस्थान हेतु संचालित सेवा भवन में किया गया है। इस भवन की क्षमता 30 बैड की है। श्री मदन मोहन वार्ष्णेय जी एवं श्री राकेश अग्रवाल जी द्वारा आश्रम को उपलब्ध कराई गई भूमि पर 60 आवासीय क्षमता के आश्रम भवन का निर्माण पूर्णकर प्रभु सेवा में समर्पित किया गया है। वर्तमान में इस आश्रम में 63 प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

19. अपना घर आश्रम शिवपुरी (म.प्र.):-

अपना घर आश्रम शिवपुरी (म.प्र.) की स्थापना दिनांक 30 जुलाई 2017 संस्थापक श्री गौरव जैन एवं उनकी टीम के सद्प्रयासों से किया गया। एक वर्ष बाद आश्रम का विस्तारिकरण हुआ इस आश्रम की आवासीय क्षमता 30 बैड की हो गई तथा मुख्यालय द्वारा इस रैफरल सेन्टर को आश्रम की

संज्ञा प्रदान की गई। विस्तारीकरण में श्री समीर गांधी एवं श्री रमेश चन्द्र जी अग्रवाल द्वारा प्रदत्त 3 बीघा भूमि प्रदान की एवं 300 आवासीय क्षमता का आश्रम जनसहयोग से निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें दो प्रभुजी सदन, औषधालय, भोजनशाला, ऑफिस, अतिथि निवास एवं प्रभुजी एक्सरसाइज एरिया का निर्माण कराना प्रस्तावित है। दिनांक 05 फरवरी 2022 को आश्रम के प्रथम चरण में 120 प्रभुजी आवासीय भवन का निर्माण कराकर प्रभुजी का प्रवेश कराया जा चुका है एवं प्रभुजियों के लिए दूध हेतु गौमाता को भी रखा गया है।

अपना घर आश्रम, शिवपुरी

20. अपना घर आश्रम गोवर्धन (उ.प्र.):-

अपना घर आश्रम, गोवर्धन

अपना घर आश्रम, बंशीवट अपना घर परिसर, सौंख रोड, गोवर्धन का शुभारम्भ श्रद्धेय स्वामी जुगल किशोर जी महाराज द्वारा प्रदत्त बंशीवट आश्रम भवन में दिनांक 3 सितम्बर 2017 को किया गया। जिसमें वर्तमान में 85 प्रभुजी को आश्रय एवं सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इस आश्रम की क्षमता 90 बैड की है।

21. अपना घर आश्रम फिरोजाबाद (उ.प्र.):-

अपना घर आश्रम, फिरोजाबाद

शिव शक्ति वृद्धाश्रम समिति फिरोजाबाद द्वारा संचालित अपना घर आश्रम जलेसर रोड, शाहपुर, नयावास फिरोजाबाद का शुभारम्भ 9 नवम्बर 2017 को किया गया। वर्तमान में इस आश्रम में 70 प्रभुजी आश्रय एवं सेवायें प्राप्त कर रहे हैं। इस आश्रम का संचालन जनसहयोग संस्था की शाखा के रूप में उक्त समिति द्वारा किया जा रहा है एवं आश्रम परिसर में एक भव्य मन्दिर निर्माणाधीन है।

22. अपना घर आश्रम डबरा ग्वालियर (म.प्र.) :-

अपना घर आश्रम, डबरा (ग्वालियर)

25 आवासीय क्षमता के इस आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 11 फरवरी 2018 को प्रभुजी सेवा सहायता समिति डबरा के सौजन्य से किया गया। वर्तमान में आश्रम द्वारा दान में प्राप्त भूमि पर 100 आवासीय क्षमता के आश्रम का निर्माण कर नवीन आश्रम में सेवायें प्रारम्भ कर दी गयी है। जिसमें वर्तमान में 65 पुरूष प्रभुजी एवं 13 महिला प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे है।

23. अपना घर आश्रम पुरुलिया (प. बंगाल) :-

अपना घर आश्रम, पुरुलिया (प. बंगाल)

200 आवासीय क्षमता के इस आश्रम हेतु भवन श्री मनोहर लाल शाह चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री सीताराम शाह भवन, श्री ओमप्रकाश जी शाह एवं श्री विष्णु जी शाह परिवार द्वारा प्रदान कराया गया है। इस आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 18 मार्च 2018 में किया गया था। वर्तमान में इस आश्रम में 144 महिला एवं पुरूष प्रभुजन सेवायें ले रहे हैं। आश्रम में 90 प्रभुजी हेतु भवन निर्माणाधीन है

24. अपना घर आश्रम शुक्रताल (उ.प्र.) :-

अपना घर आश्रम, शुक्रताल

परम श्रद्धेय पंचम पट्टाचार्य राष्ट्रऋषि सिंहरथ प्रवर्तक त्रिलोक तीर्थ प्रणेता परम पूज्य आचार्य श्री विद्या भूषण सन्मति सागर जी महाराज की असीम अनुकम्पा से माँ गंगा के तट पर सिति शुक्रताल में आश्रयहीन, असहाय, पीड़ितों की सेवा हेतु अपना घर आश्रम, शुक्रताल का शुभारम्भ दिनांक 02 अक्टूबर 2018 को उनके परम शिष्य श्री विनोद गोयल जी के द्वारा किया गया।

परम श्रद्धेय डॉ. बी.एम. भारद्वाज जी संस्थापक अपना घर आश्रम भरतपुर की प्रेरणा से उक्त भवन में आश्रयहीन, पीड़ितों की सेवार्थ अपा घर का संचालन सन्मति चैरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में आश्रम की आवासीय क्षमता 130 बैड की है और वर्तमान में 116 प्रभुजी आश्रम में आश्रय एवं सेवाऐं ले रहे है। वर्तमान आवासीय क्षमता 130 से बढ़ाकर 500 बैड करने की है जिसके लिए निर्माण कार्य अन्तिम चरण पर है आश्रम में गौ माता की सेवा की जा रही है। आश्रम द्वारा 350 क्षमता वाले सन्मति शिक्षा सदन स्कूल का भी संचालन किया जा रहा है जिसमें नर्सरी से कक्षा 5 तक बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

25. अपना घर आश्रम वाराणसी (उ.प्र.) :-

अपना घर आश्रम, वाराणसी

संस्था के 25 वें आश्रम, अपना घर आश्रम वाराणसी का शुभारम्भ दिनांक 14 अक्टूबर 2018 को सम्पन्न हुआ। 50 आवासीय क्षमता के इस आश्रम हेतु भवन एवं अपनी सेवाऐं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. के. निरंजन एवं उनकी सहधर्मिणी डॉ. कात्यायनी दन्त चिकित्सक द्वारा समर्पित की गयी हैं। शुरूआत में 50 बैड की क्षमता से उद्घाटन के बाद तीर्थ नगरी वाराणसी में प्रभुजी की बढ़ती संख्या को देखते हुए आश्रम की आवासीय क्षमता 300 बैड (150 पुरुष एवं 150 महिला प्रभुजी हेतु) कर दी गई। वर्तमान में 171 पुरुष प्रभुजी एवं 85 महिला प्रभुजी निवासरत है।

26. अपना घर आश्रम मेरठ (उ.प्र.) :-

अपना घर आश्रम, मेरठ (उ.प्र.)

संस्था के 26 वें अपना घर आश्रम, नोबेल पब्लिक स्कूल के सामने, गढ़ रोड, मेरठ का शुभारम्भ 24 अक्टूबर 2018 को किया गया। 40 आवासीय क्षमता के किराये के भवन में संचालित यह आश्रम वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कानन त्यागी के सद्प्रयासों से प्रारम्भ किया गया है। वर्तमान में यहाँ 32 प्रभुजी सेवा प्राप्त कर रहे हैं।

27. अपना घर आश्रम भिवानी (हरियाणा) :-

संस्था के 27 वें अपना घर आश्रम भिवानी का शुभारम्भ दिनांक 27 जनवरी 2019 को किया गया। 125 आवासीय क्षमता के इस आश्रम हेतु भवन श्री कृष्ण प्रणामी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा

अध्यक्ष स्वामी सदानन्द जी महाराज की प्रेरणा से उपलब्ध कराया गया है। यह हरियाणा में संस्था का पहला आश्रम है। इसके अलावा स्वामी जी द्वारा 50 आवासीय क्षमता के प्रदत्त भवन में महिला आश्रम का संचालन दिनांक 26 जनवरी 2021 से किया जा रहा है जिसमें 47 महिला प्रभुजी आवासरत है एवं 89 पुरूष प्रभुजी सेवाऐं ले रहे है।

अपना घर आश्रम, भिवानी (हरियाणा)

28. अपना घर आश्रम नेपाल :-

संस्था के 28वें आश्रम, अपना घर आश्रम नेपाल में प्रभुजी का प्रवेश दिनांक 9 फरवरी 2019 को किया जाकर संचालन प्रारम्भ किया गया। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 110 बैड है। लगभग 3.50 करोड़ (नेपाली मुद्रा) की लागत से निर्मित इस भूकम्प रोधी आश्रम भवन का निर्माण नेपाल अपना घर टीम एवं अन्य सहयोगियों द्वारा कराया गया है। यह देश से बाहर संस्था का प्रथम आश्रम है। वर्तमान में इस आश्रम में 74 प्रभुजनों को सेवायें प्रदान की जा रही हैं।

अपना घर आश्रम, नेपाल

29. अपना घर आश्रम उमता (गुजरात) :-

संस्था के 29वें आश्रम, अपना घर आश्रम उमता जिला मेहसाना (गुजरात) का संचालन दिनांक 25 फरवरी 2019 को प्रभुजी को प्रवेशित कर किया गया। इस आश्रम हेतु 60 आवासीय क्षमता का भवन मुनि निर्भय सागर जन कल्याण समिति, उमता द्वारा प्रभु सेवा में समर्पित किया गया है। वर्तमान में इस भवन में 54 प्रभुजी को सेवाऐं प्रदान की जा रही है एवं प्रभुजी की दैनिक व्यवस्थाऐं जनसहयोग द्वारा की जा रही है। जिसमें और विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। यह गुजरात में संस्था द्वारा संचालित पहला आश्रम है।

अपना घर आश्रम, उमता (गुजरात)

30. अपना घर आश्रम भोपाल (म.प्र.) :-

भोपाल में अपना घर आश्रम संचालन हेतु 50 आवासीय क्षमता के भवन की व्यवस्था श्री मनीष एस गुलाटी (मुख्य प्रबन्धक एच.ई.जी. कम्पनी) की प्रेरणा से कम्पनी द्वारा की गयी है। इस आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 21 अगस्त 2019 को किया गया एवं प्रारम्भिक चरण में कम्पनी द्वारा भवन के साथ-साथ आश्रम संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों एवं दैनिक खर्चो की व्यवस्था भी की गयी। वर्तमान में इस आश्रम में 48 प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

अपना घर आश्रम, भोपाल

31. अपना घर आश्रम कोलकाता (पश्चिम बंगाल) :-

संस्था के 31वें अपना घर आश्रम कोलकाता का (पश्चिम बंगाल) शुभारम्भ दिनांक 07 सितम्बर 2019 को परम श्रद्धेय स्वामी श्री श्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति कोलकाता द्वारा प्रदत्त भवन में किया गया। 50 आवासीय क्षमता के इस आश्रम का संचालन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है एवं वर्तमान में इस आश्रम में 30 प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

अपना घर आश्रम, कोलकाता

32. अपना घर आश्रम जयपुर (राज.) :-

अपना घर आश्रम जयपुर का शुभारम्भ दिनांक 02 जनवरी 2020 को सी-76, रामगली नं. 6, आदर्श नगर, जयपुर में किया गया। इस आश्रम हेतु भवन श्रीमती मंजू जी जैन एवं श्री शिखर जी जैन द्वारा अपना घर की सेवाओं हेतु समर्पित किया गया है। वर्तमान में आश्रम की आवासीय क्षमता 30 बैड की है। इस आश्रम में

अपना घर आश्रम, जयपुर

केवल महिला प्रभुजी को आश्रय एवं सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं। वर्तमान में इस आश्रम में 38 प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

33. अपना घर आश्रम अलवर महिला शाखा (राज.) :-

इस महिला आश्रम का शुभारम्भ 23 फरवरी 2020 को हुआ। इस आश्रम हेतु भूमि क्रय अपना घर आश्रम अलवर टीम द्वारा की गयी। इस भवन के प्रथम तल का निर्माण श्री विजय डाटा जी, प्रमुख उद्योगपति द्वारा कराया गया । इस भवन की आवासीय क्षमता 150 प्रभुजन की है एवं वर्तमान में इस आश्रम में 69 महिला प्रभुजन सेवाऐं ले रहे हैं। आश्रम पूर्णतः जनसहयोग से संचालित किया जा रहा है।

अपना घर आश्रम, अलवर महिला शाखा

34. अपना घर वृद्धाश्रम जामडौली (राज.) :-

अपना घर वृद्धाश्रम जामडौली का शुभारम्भ दिनांक 12 मार्च 2020 को हुआ था इस भवन को राज्य सरकार के द्वारा वृद्धजनों की सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। इस भवन की आवासीय क्षमता 25 प्रभुजन है तथा वर्तमान में इस आश्रम में 107 वृद्ध महिला प्रभुजन सेवाऐं ले रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अब इस आश्रम की क्षमता 200 बैड हेतु 3 भवन उपलब्ध कराकर स्वीकृत की गई।

अपना घर आश्रम, जामडौली

35. अपना घर आश्रम रायगढ़ (छत्तीसगढ़) :-

अपना घर आश्रम रायगढ़ (छत्तीसगढ़) का शुभारम्भ दिनांक 11 मार्च 2020 को सम्पन्न हुआ है इस आश्रम की आवासीय क्षमता 50 प्रभुजी की है तथा वर्तमान में इस आश्रम में 36 प्रभुजी सेवाऐं ले रहे हैं। यह आश्रम अभी किराये की बिल्डिंग में संचालित है तथा विस्तार के क्रम में आश्रम द्वारा एक भवन को खरीदकर प्रभुजियों की सेवा हेतु चलाये जाना प्रस्तावित है।

अपना घर आश्रम, रायगढ़

36. अपना घर आश्रम अमीनगर सराय (उ.प्र.) :-

इस भवन को श्री प्रदीप जैन एवं श्री प्रवीण जैन विद्या ग्रुप मेरठ के द्वारा प्रभुजी सेवा में समर्पित किया गया है। अपना घर अमीनगरसराय का शुभारम्भ दिनांक 30 नवम्बर 2020 को सम्पन्न हुआ। इस भवन की आवासीय क्षमता 50 प्रभुजन की है एवं इस आश्रम में वर्तमान में 35 प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

अपना घर आश्रम, अमीनगर सराय

37. अपना घर जन औषधि केन्द्र, आगरा (उ.प्र.) :-

इस प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ अपना घर सेवा समिति, आगरा द्वारा न्यू राजा मण्डी में श्री हरगोपाल भगवंत वाई सेवाश्रम द्वारा प्रदत्त भवन में दिनांक 10 दिसम्बर 2020 को किया गया। इस जन औषधि केन्द्र में जरूरतमंदों को बहुत कम दरों पर दवाईयाँ उपलब्ध करायी जा रही हैं। यह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र हेतु भवन श्री सुरेन्द्र कुमार गुगलियानी एवं श्री अमरीश चन्द गुगलियानी द्वारा अर्पित किया गया है।

अपना घर जन औषधि केन्द्र, आगरा

38. अपना घर आश्रम वडोदरा (गुजरात) :-

इस भवन को लाला चैरिटेबिल ट्रस्ट, विजय महल कलरव हाउसिंग सोसायटी, रसूलाबाद, तालुका वाघोडिया, वडोदरा में किया गया, आश्रम हेतु भवन श्री चन्द्रकुमार एवं श्री महेश जैन परिवार द्वारा प्रभुजी की सेवाओं हेतु समर्पित किया गया। आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 04 मार्च 2021 को हुआ। आश्रम की आवासीय क्षमता 35 बैड की है जिसमें वर्तमान में 30 प्रभुजी सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं।

अपना घर आश्रम, वडोदरा

39. अपना घर आश्रम कुचामन सिटी (राज.) :-

अपना घर आश्रम, कुचामन सिटी

अपना घर आश्रम कुचामन सिटी का शुभारम्भ 06 मार्च 2021 को हुआ। अपना घर आश्रम कुचामन विकास समिति द्वारा संचालित है। इस भवन की आवासीय क्षमता 50 बैड की है तथा वर्तमान में इस आश्रम में 46 प्रभुजन सेवाऐं प्राप्त कर रहे हैं। दिनांक 26 जून 2022 को माँ अन्नपूर्णा रसोईघर, प्रभु प्रसादालय एवं 20 आवासीय क्षमता के कक्ष का लोकार्पण प्रस्तावित है।

40. अपना घर आश्रम उदयपुर (राज.) :-

अपना घर आश्रम, उदयपुर

अपना घर आश्रम उदयपुर का शुभारम्भ दिनांक 21 मार्च 2021 को जय अम्बे मातु संस्थान भवन, 1136-ए, मीरा कॉलोनी, आयड़, उदयपुर (राज.) में किया गया। इस आश्रम हेतु भवन श्री दुर्गा शंकर नागदा जी द्वारा अपना घर की सेवाओं हेतु समर्पित किया गया है। वर्तमान में अपना घर आश्रम उदयपुर की आवासीय क्षमता 25 बैड की है तथा वर्तमान में 15 प्रभुजी सेवाऐं ले रहे हैं।

41. अपना घर आश्रम गांधीधाम (गुजरात) :-

अपना घर आश्रम, गांधीधाम

अपना घर आश्रम गांधीधाम (गुजरात) का शुभारम्भ दिनांक 18 जुलाई 2021 को प्लाट नं. 138, गीता भवन, सेक्टर 8, ओसलो सिनेमा हॉल के पास, गांधीधाम (गुजरात) में किया गया। इस आश्रम हेतु भवन श्री सनेहीलाल गोयल परिवार द्वारा अपना घर की सेवाओं हेतु समर्पित किया गया है। वर्तमान में अपना घर आश्रम गांधीधाम की आवासीय क्षमता 40 बैड की है। वर्तमान में 23 प्रभुजी सेवायें ले रहे हैं। यह सम्पूर्ण आश्रम जनसहयोग से संचालित किया जा रहा है।

42. अपना घर वृद्धा आश्रम सिरसौद :-

अपना घर वृद्धाश्रम, सिरसौद

अपना घर वृद्धाश्रम, सिरसौद की स्थापना 25 जुलाई 2021 को हुई यह आश्रम शासकीय भवन में स्थापित है नगर पंचायत करैरा द्वारा इस भवन को 2 साल के अनुबन्ध पर दिया गया है। आश्रम में मुख्यत: असहाय, बीमार बुजुर्गों की सेवा की जायेगी। वर्तमान में इस आश्रम की 30 आवासीय क्षमता है जिसमें 26 प्रभुजी सेवायें ले रहे है। यह सम्पूर्ण आश्रम जनसहयोग से संचालित किया जा रहा है।

43. अपना घर वृद्धाश्रम, पुष्कर :-

अपना घर वृद्धाश्रम, पुष्कर

अपना घर वृद्धाश्रम, पुष्कर (जो पुष्कर से बूढ़ा पुष्कर रोड पर भट वाय, गणेश मंदिर के पास स्थित है) के लिए राजस्थान सरकार एवं अपना घर आश्रम के बीच एम.ओ.यू. 30.06.2021 को सम्पन्न हुआ। जिसके तहत राजकीय वृद्ध एवं असक्त गृह, पुष्कर का संचालन दिनांक 15 जुलाई 2021 से अपना घर आश्रम के द्वारा राजस्थान सरकार के सहयोग से किया जायेगा। इसकी वर्तमान क्षमता 25 आवासीय है एवं 25 प्रभुजी यहाँ आवासरत हैं जल्द ही इसकी क्षमता 50 करने का निर्णय किया गया है।

44. अपना घर आश्रम, बाड़ी :-

अपना घर आश्रम, बाड़ी

राजस्थान के धौलपुर जिले के बाड़ी कस्बे में अपना घर आश्रम दिनांक 9 अगस्त 2021 को तुलसीवन मुक्तिधाम ट्रस्ट बाड़ी के किराए के भवन में तुलसीवन रोड पर संचालित किया गया। जिसमें लगभग 40 पुरुष प्रभुजी के रहने की व्यवस्था है तथा वर्तमान में 35 प्रभुजी सेवा ले रहे

हैं। विस्तार के क्रम में डॉ. केशव चन्द जी मंगल (अमेरिका) द्वारा दान में दी गई भूमि पर कृषि उपज मण्डी, बसेड़ी रोड़, बाड़ी के पास स्थित लगभग 3 बीघा जमीन पर 1000 प्रभुआवासी क्षमता का सेवा सदन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसका भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम समारोह दिनांक 15 मई 2022 को किया जा चुका है।

45. अपना घर आश्रम, वृन्दावन :-

अपना घर आश्रम, वृन्दावन

ठाकुर जी की नगरी वृन्दावनधाम (मथुरा) में अपना घर आश्रम का शुभारम्भ दिनांक 18 अगस्त 2021 को पार्वती सेवा सदन भवन, चैतन्य विहार, फेस-2, वृन्दावन, जिला मथुरा में किया गया। इस आश्रम हेतु 150 आवासीय क्षमता का भवन (पार्वती सेवा सदन) दिल्ली निवासी श्री जयदेव जी अग्रवाल एवं परिवार द्वारा प्रभु सेवा में समर्पित किया गया है। वर्तमान में इस आश्रम में 90 प्रभजी सेवायें प्राप्त कर रहे है। यह सम्पूर्ण आश्रम जनसहयोग से संचालित किया जा रहा है।

46. अपना घर आश्रम, लखनऊ :-

अपना घर आश्रम, लखनऊ

अपना घर आश्रम, लखनऊ का शुभारम्भ दिनांक 28 अगसत 2021 को किया गया। आश्रम का भवन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हस्तानान्तरिक किया गया है। यह महिला आश्रम है। इस आश्रम की आवासीय क्षमता 100 प्रभजी की है तथा वर्तमान में इस आश्रम में 97 महिला प्रभुजी सेवाऐं ले रहे है। यह सम्पूर्ण आश्रम जनसहयोग से संचालित किया जा रहा है।

47. अपना घर आश्रम, कटक :-

